तैयारी | जमीन का पट्टाभिलेख कर कंपनी को प्रदान किए दस्तावेज, औद्योगिक विकास में धर्मनगरी को मिली उपलब्धि

डिफेंस कॉरिडोर में बीईएल को मिली जमीन

चित्रकूट, संवाददाता। धर्मनगरी चित्रकूट के औद्योगिक विकास को बड़ी उपलब्धि मिली है। उत्तर प्रदेश डिफेंस कॉरिडोर में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) 597 करोड़ रुपये का निवेश कर रक्षा उपकरणों की फैक्ट्री लगाएगी। उद्योग विभाग ने पहाड़ी कस्बे के समीप कंपनी को 75 हेक्टेयर भूमि 90 वर्ष की लीज पर दी है। मंगलवार को उपनिबंधक कार्यालय कर्वी में लीज डीड की प्रक्रिया पूरी कर दस्तावेज



कंपनी के प्रतिनिधियों को दस्तावेज प्रदान करते उपायुक्त उद्योग। • हिन्दुस्तान

सीपी पटेल ने बताया कि कंपनी को कंपनी को भूमि सब्सिडी में 11.83

औद्योगिक निवेश में वृद्धि

डिफेंस कॉरिडोर में बीईएल कंपनी के निवेश से चित्रकूट को रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और सहायक उद्योगों का विकास होगा। डीएम पुलकित गर्ग ने बताया कि प्रशासन निवेशकों को भूमि, अनुमतियां और विभागीय समन्वय सहित हर जरूरी सहयोग उपलब्ध करा रहा है।

परिवहन, हरित अवसंरचना और